प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 बुधवार** **दिनांक 17.09.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश से की ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' और आठवें ''राष्ट्रीय पोषण माह'' अभियान की शुरूआत।
- ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' के तहत रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और मुख्यमंत्री विष्णदेव साय हुए शामिल—निमोरा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर पोषण माह का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" का किया शुभारंभ—नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छता, आवास और लोक कल्याण उत्सव में भी की शिरकत।
- बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए—नारायणपुर जिले में बारह माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।

<u>प्रधानमंत्री—स्वस्थ नारी सशक्त परिवार</u>

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के धार में ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' और आठवें ''राष्ट्रीय पोषण माह'' अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने मातृ वंदना योजना के तहत पंद्रह लाख से अधिक महिलाओं को धनराशि हस्तांतरित की। उन्होंने महिलाओं से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जांच करवाने का आग्रह किया।**

**श्री मोदी ने कहा कि त्योहारों के दौरान खरीदी जाने वाली हर वस्तु भारत में बनी होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने व्यापारियों से यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि वे जो कुछ भी बेचें वह भारतीय मूल का हो।**

## सेवा पर्व–विशेष कार्यक्रम

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में डीडी नेशनल और डीडी न्यूज के लिए ''सेवा पर्व'' पर कार्यक्रमों की एक विशेष श्रृंखला का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आज से सेवा पर्व मनाया जा रहा है। यह पर्व दो अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर श्री वैष्णव ने कहा कि भारत ने दुनियाभर में एक नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने अपने जीवन के आरंभ से ही राष्ट्र निर्माण का कार्य किया है। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राजनीति को देश की जनता की सेवा का माध्यम बना दिया है।

इस अवसर पर सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि यह एक विशेष अवसर है, जब लोग राष्ट्र की परिवर्तनकारी यात्रा को स्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देशभर से बदलाव और राष्ट्र निर्माण की कहानियाँ आ रही हैं।

## अन्नपूर्णा देवी–स्वस्थ नारी सशक्त परिवार

वहीं, केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' और सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत महिलाओं के लिए जांच शिविर के साथ ही प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम में सभी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुना। वहीं, विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी निमोरा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंची और पोषण माह की औपचारिक शुरूआत की। उन्होंने महिला स्व–सहायता समूह की सदस्यों से चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने आंगनबाड़ी के बच्चों से भी बातचीत की और महिला तथा बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया।

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से रायपुर स्थित उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण तथा बच्चों के पोषण और शिक्षा से संबंधित किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'' के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जगदलपुर के पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप शामिल हुए।

मुख्यमंत्री–उपमुख्यमंत्री–स्वच्छता ही सेवा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर रायपुर में "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रायपुर नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों की स्वच्छता को समर्पित डोर–टू–डोर कचरा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वयं झाड़ू लगाकर परिसर की सफाई की और स्वच्छता का संदेश लोगों तक पहुंचाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने लोगों से अपील की कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे और इसमें सभी हिस्सा लें।

**वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी आज रायपुर में "स्वच्छता ही सेवा" अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में खिलाड़ियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई।**

**<u>मुख्यमंत्री–लोक कल्याण उत्सव</u>**

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित स्वच्छता, आवास और लोक कल्याण उत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम में श्री साय ने 'स्वच्छता ही सेवा' और 'अंगीकार' अभियान तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना टू प्वॉइंट ओ और राज्य स्तरीय लोक कल्याण मेले का शुभारंभ किया।**

**कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी संबोधित किया।**

**<u>माओवादी मुठभेड़–आत्मसमर्पण/गिरफ्तार</u>**

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो माओवादी मारे गए हैं, जिनके शव बरामद कर लिए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले के दक्षिण–पश्चिमी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बल के जवान तलाशी अभियान पर निकले थे। इसी दौरान उनकी माओवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई। घटनास्थल से सुरक्षा बलों ने एक थ्री नॉट थ्री रायफल, एक बीजीएल लॉन्चर सहित विस्फोटक और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की है। इस मुठभेड़ में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी के दो जवान भी घायल हुए हैं, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है।

इधर, नारायणपुर जिले में आज बारह माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया ने बताया कि इन माओवादियों में से नौ पर कुल अट्ठारह लाख रूपये का इनाम घोषित था।

वहीं, सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने चार माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से टिफिन बम और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।   ये सभी माओवादी फुलबगड़ी थाना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय थे।

इधर, बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र में माओवादियों ने एक ग्रामीण की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**जीएसटी–प्रेसवार्ता**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के. शर्मा ने जीएसटी की दरों में किए गए सुधार को आम जनता और व्यापारी वर्ग के हित में बताया है। कल दुर्ग में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि जीएसटी में सुधार का लाभ छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को भी मिलेगा।

**सेवा पर्व–जीएसटी विशेष कार्यक्रम**

सेवा पर्व के तहत प्रादेशिक समाचार एकांश आकाशवाणी रायपुर द्वारा तैयार किए गए विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कल सुबह नौ बजकर पंद्रह मिनट से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा से **''विकास और विरासत''** विषय पर ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी।

वहीं, केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी में किए गए सुधारों पर विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट पर किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## विश्वकर्मा जयंती

संसार के प्रथम वास्तुकार और सृजन–निर्माण के देवता माने जाने वाले भगवान विश्वकर्मा की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर में श्रम विभाग द्वारा आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश के श्रमिकों के खाते में पैंसठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की।

## अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

- रायपुर स्थित रावतपुरा सरकारी चिकित्सा विज्ञान और अनुसंधान संस्थान में निरीक्षण के दौरान पचपन लाख रूपये की रिश्वत लेने के मामले में कर्नाटक के मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने तीन डॉक्टरों के निलंबन का आदेश जारी किया है।

- जांजगीर–चांपा जिले के करही गांव में बीते पंद्रह सितंबर को शराब पीने से हुई दो युवकों की मौत के मामले में पुलिस ने शराब में जहर मिलाने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>